आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 07.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे है।
- उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा कि पूरे भारत में एक साथ चुनाव कराने से देश को लाभ होगा।
- प्रौढ़ साक्षरता को बढावा देने और द्वीपों में शत–प्रतिशत साक्षरता दर हासिल करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।
- नवरात्रि का पर्व श्रद्धा भाव और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे है। सीपीघाट स्थित कृषि विभाग के जैविक उद्यान को जैविक बागवानी फार्म के रूप में नामित किया गया । इसका उद्देश्य स्थानीय किसानें को जैविक खेती के लिए प्रेरित करना था। वर्ष दो हजार पन्द्रह फरवरी में शहीद रूप में जैविक खेती के लिए एक महत्वकांशी परियोजना शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य द्वीप में जैविक खेती को न सिर्फ बढावा देना था, बल्कि किसानों को उनके उपज का सही मूल्य भी प्रदान करना था। भारत सरकार ने वर्ष दो हजार सत्रह में द्वीपों में जैविक खेती को बढावा देने के लिए इसकी घोषणा की गई थी। वर्ष दो हजार इक्कीस जनवरी में कार–निकोबार और ननकौडी द्वीपसमूह में सभी कृषि रसायनो की बिक्री प्रवेश और भण्डारन पर एक सामान प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसका उद्देश्य द्वीपों को कृषि रसायन मुक्त घोषित करना था। एक विशेषज्ञ समिति ने बाद में इन द्वीपों में लगभग पन्द्रह हजार हैक्टेयर भूमि को जैविक के रूप में प्रमाणित किया। इसके अलावा द्वीपों में अब तक इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग आम जनता की सुविधा के लिए अक्टूबर माह के दौरान दक्षिण, उत्तर और मध्य अंडमान जिलों की ग्राम पंचायतों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक विशेष आधार शिविर आयोजित करेगा। शिविर के दौरान आधार से जुड़ी कार्य किया जाएगा।

कल और नौ अक्तूबर को वन्डूर क्षेत्र में आधार शिविर लगेगा। दस और ग्यारह तारीख को कलीकट, पन्द्रह और सोलह तारीख को बम्बूफ्लाट–एक, सत्रह और अट्ठारह तारीख को बम्बूफ्लाट–दो, मध्योत्तर अण्डमान के हरिनगर, रामनगर और शिवपुरम में शिविर लगेगा। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

मायाबंदर के डॉ. आर पी. अस्पताल के ज़िला टीबी केन्द्र ने जवाहर नवोदय विद्यालय पंचवटी में टीबी के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी जैसी बीमारी का शीघ्र पता लगाना और उसके रोकथाम को बढ़ाना है। बिल्लीग्राउंड प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलजा, जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रिन्सिपल जॉली विन्सेंट ने इस अभियान का समन्वय किया। टीबी कार्यालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रबीर कुमार पालित की देख–रेख में विभाग के अन्य कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से इस शिविर को चलाया गया। इस शिविर में लगभग एक सौ चौतीस छात्रों की जांच की गई, जिनमें से दस संभावित टीबी मामले को थूक जांच के लिए भेजा गया।

<><><><><><><>

एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि पूरे भारत में एक साथ चुनाव कराने से देश को बहुत लाभ होगा। नई दिल्ली में हाल ही में लाल बहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। श्री कोविन्द ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

<><><><><><><>

राज्य शिक्षा संस्थान, शिक्षा सदन ने हाल ही में शिक्षा सदन के सम्मेलन हॉल में उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य साक्षरता केंद्र के कोर समिति सदस्यों की एक बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की वयस्क साक्षरता के लिए उल्लास पहलों के बेहतर कार्यान्वयन और दो हजार सत्ताईस तक इन द्वीपों को सौ प्रतिशत साक्षर बनाने पर केंद्रित था।

बैठक में निर्वाचित जन–प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष एम. रजनी, नगर परिषद अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा, शिक्षा निदेशक, आदित्य कुमार झा, उप–प्रमुख पंचायत समिति डी. सत्य नारायण, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित राज्य नोडल अधिकारी उल्लास एस. सुरेश कुमार और राज्य शिक्षा संस्थान के संकाय सदस्य उपस्थित थे। राज्य शिक्षा संस्थान की प्राचार्य संगीता चंद ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हितधारकों जैसे पन्द्रह से सौ आयु वर्ग के शिक्षार्थियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए जिम्मेदार होगा, ताकि सौ प्रतिशत साक्षरता हासिल की जा सके। उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से इस कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तार से बताया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत फार्मासिस्ट ग्रेड –तीन के पद के भर्ती के लिए कम्प्युटर आधारित परीक्षा नौ और दस मार्च– दो हजार चौबीस को ली गई थी और परीक्षा की उत्तर पुस्तिका प्रशासन की वेबसाइट पर दर्शा भी गया था। दावे और आपत्तियों की जांच करने के बाद अंतिम उत्तर पुस्तिका को प्रशासन की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

<><><><><><><>

देश के अन्य भागों के साथ द्वीपों में भी नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। मन्दिरों और घरों में क्लश स्थापित कर मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की आराधना की जा रही है। आज नौ रात्रि का पांचवा दिन है और आज माता की स्कंदमाता स्वरूप की आराधना की जा रही है।

उधर आकाशवाणी मार्ग स्थित वालमिकी मन्दिर का पुर्नरूदार किया गया है। आज इसका उद्घाटन होगा। आज से शाम छह बजे से रात्रि नौ बजे तक देवी जागरण का भी आयोजन किया गया है। कल शाम चार बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

<><><><><><><>

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन– डीआरडीओ ने चौथी पीढ़ी की कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणाली की तीन परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण राजस्थान के पोखरन फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। इन परीक्षणों में काफी ऊंचाई और गति के साथ लक्ष्य को भेदा गया।

एक वक्तव्य में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन परीक्षणों में अस्त्र प्रणाली की मारक क्षमता की बार–बार पुष्टि हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नई मिसाइल से, हवाई ख़तरों से निपटने में सशस्त्र बलों को मज़बूती मिलेगी।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों में जैविक कृषि को बढावा देने के लिए कृषि विभाग की ओर से पहल की  गई है। अब तक कई हजार हैक्टेयर क्षेत्र को विशेषज्ञ समिति ने जैविक के रूप में प्रमाणित किया है। द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार की बडी खबर है। द्वीपों में शिक्षा के सशक्तिकरण के लिए स्वयंसेवियों से विद्यांजलि आन्दोलन में शामिल होने को कहा गय है। इस खबर को भी इन अखबारो ने प्रमुखता दी है। सृजानात्मकता को बढावा देने और युवा कलाकारों की छुपी प्रतिभावो ंकी पहचान करने के लिए मध्योत्तर अण्डमान जिले में जिला स्तरीय चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया है। अंडमान क्रोनिकल ने इस खबर को पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है। अण्डमान निकोबार कमान की ओर से विवाहित जीवन में समस्याओं को लेकर व्याख्यान का आयोजन करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने, जबकि राष्ट्रीय पोषण माह के सिलसिले में आयुष की ओर से कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफों इडियां में जगह मिली है।

<><><><><><><>